## Appendix H

## Final Test Booklet

### निर्देश

इस परीक्षण में आपको अलग-अलग प्रकार के प्रश्न मिलेंगे। इन प्रश्नों का आपको पढ़ाई या परीक्षा से कोई सम्बन्ध नहीं है। और न ही इनमें अनुत्तीर्ण होने की सम्भावना ही है।

जब आप पहला भाग समाप्त कर चुकें तो रुक जायें। जब तक आपसे कहा न जाय तब तक आप अगला भाग आरम्भ न करें। प्रत्येक भाग का समय समाप्त होने पर लिखना बन्द कर दें और उस भाग के उत्तर वाले पृष्ठों को एक ओर रख दें।

नकल करने की चेष्टा न करें बल्कि ऐसा उत्तर दें जैसा कि कोई अन्य न दे सके।

छपी हुई पुस्तिका पर कुछ न लिखें। परीक्षण के समस्त भाग समाप्त होने पर छपी हुई पुस्तिका और उत्तर परीक्षक को लौटा दें। यदि आपकी समझ में कोई बात न आये तो अपने स्थान पर खड़े होकर निरिक्षक से पूछ लें।

आपके उत्तर पूर्ण रूप से गुप्त रखे जायेंगे। आपके मन में जो भी उत्तर आये उसे निःसंकोच होकर लिखें।

हर नये पृष्ठ पर अपना नाम और रोल नं० लिख दें।

0000000000000

नाम ---------------------- रौल नं०------------------------

आयु------------------------बालक।बालिका-----------------------

कक्षा-----------------------विभाग--------------------------

विद्यालय--------------------------------------------------

दिनांक-----------------------------------------------------

## (१) उपयोगिता परीक्षण

निर्देश :---

नीचे कुछ साधारण-सी वस्तुयें दी गई हैं। ये कई तरह से प्रयोग में लाई जा सकती हैं। इनमें से हर एक वस्तु को कितने भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रयोग में लाया जा सकता है, लिखिये। नीचे दिये गये उदाहरण से स्पष्ट हो जायगा कि आपको क्या करना है :--

उदाहरण :--

लाठी

१- पीटने के काम में लाई जा सकती है।

२- जमीन में गाड़ के रस्सी बांधी जा सकती है।

३- दूर की चीज पास खिसकाई जा सकती है।

४- जलाने के काम में लाई जा सकती है।

५- बीमार या कमजोर व्यक्ति के लिये सहारे का काम कर सकती है।

६- पर्दा लटकाने के काम में लाई जा सकती है।

७- सिरे पर कपड़ा बांध कर दीवारों की सफाई की जा सकती है।

८- पोटली या बहंगी उठाने के काम में लाई जा सकती है।

नीचे दो वस्तुओं के नाम दिये गये हैं इन वस्तुओं के विभिन्न प्रयोग भी उक्त प्रकार से लिखिये :--

वस्तुएं :
१- सुई   २- मिट्टी

निर्देश :-

नीचे कुछ विषय दिये हैं। आपको इनमें से प्रत्येक विषय पर कुछ पंक्तियां या एक अनुच्छेद लिखना है। अनुच्छेद (पैराग्राफ) में ऐसे विचार प्रकट करने का प्रयत्न कीजिये जिन्हें कक्षा में कोई अन्य विद्यार्थी न कर सके। प्रयत्न करें कि आप के उत्तर में कल्पना की उड़ान हो।

विषय:- १- एक आकर्षक चित्र   २- तूफान

निर्देश :--

नीचे कुछ असामान्य दशाएं दी हुई हैं। आप कल्पना कीजिये कि यह घटित हो सकती हैं। आपको इनके परिणाम, जितने भी अधिक से अधिक आप सोच सकते हैं, लिखने हैं। निम्न उदाहरण से यह स्पष्ट हो जायगा कि आपको क्या करना है :--

उदाहरण :--

यदि पेड पौधे भी मनुष्य की तरह सोचने लग जाय

१- वह अपनी जड़ से निकल कर चलने लग जायेंगे
२- वह अपने फल और फूल इत्यादि मनुष्यों और पशुओं को नहीं खाने देंगे
३- वह भी मनुष्य की तरह नये आविष्कार करेंगे और अपना जीवन आसान बनायेंगे
४- उनके बीज भी लड़ाइयां और झगड़े शुरू हो जायेंगे
५- वह भी चुनाव करेंगे और अपना नेता चुनेंगे
६- जो काम मनुष्य न करे सकेगा वह पेड़ पौधे करेंगे
७- सोचने वालों की संख्या बढ़ जाने से सृष्टि की खोज करना और अधिक आसान हो जायगा

इसी प्रकार इस दशा के और भी कई परिणाम हो सकते हैं। नीचे दी गई दशाओं के जितने अधिक से अधिक परिणाम आप सोच सकते हैं, पृथक-पृथक पंक्ति में लिखें --

१- यदि मनुष्य धरती के बदले पानी में रहना शुरू कर दे।
२- यदि मनुष्य की देखने की शक्ति समाप्त हो जाय।

--४--

निर्देश :--

नीचे कुछ समस्यात्मक स्थितियां दी गई हैं। आपको इनका हल सोचकर लिखना है। हर समस्या के बहुत से हल हैं, इसलिये आप जितने अधिक से अधिक हल सोच सकते हैं उन सबको पृथक-पृथक पंक्ति में लिखिये।

समस्यायें :--

१- एक डाक्टर मरीज़ के घर से बहुत रात गये लौट रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी खराब हो गई। यह देखने के लिये कि क्या खराबी है उन्होंने दियासलाई जलाई। हवा बहुत तेज चलने की वजह से तीले मशीन तक पहुंचने से पहले ही बुझ जाती थी। गाड़ी की हैड लाइट बिल्कुल ठीक काम कर रही थी। बताइये किन किन तरीकों से वह देख सकते हैं कि गाड़ी में क्या खराबी है।

२- मान लीजिये कि आप एक ऐसे गांव में पहुंच गये हैं जहां कागज, कलम, स्याही इत्यादि नहीं मिलती। परन्तु आपने उस गांव में जो कुछ देखा उसे ब्यौरे से आप एक डायरी (Diary )X में लिखना चाहते हैं। क्या-क्या ऐसे तरीके होंगे जिनसे आप वह डायरी बनाकर लिख सकते हैं ?

0000-0000